**दिल्ली से जयपुर के बीच छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदला जाना**

386. **श्री राजूभाई ए० परमार :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली से जयपुर, उदयपुर और आबू रोड होते हुये अहमदाबाद तक की छोटी लाइन में बदलने का कार्य आरम्भ हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो कौन-कौन से स्थानों के बीच इस कार्य को पूरा कर दिया गया है ; और

(ग) जयपुर से अहमदाबाद की छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कार्य कब तक आरम्भ कर दिये जाने का विचार है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका)** : (क) से (ग) रेवाड़ी-जयपुर, फुलेरा, अजमेर, मारवाड़, पालनपुर और मेहसाना के रास्ते दिल्ली-अहमदाबाद मीटर लाइन का आमान परिवर्तन कार्य पहले ही शुरू किया जा चुका है। दिल्ली कैंट-रेवाड़ी खंड का आमान परिवर्तन पूरा हो चुका है। अजमेर-चित्तौड़गढ़-उदयपुर के आमान परिवर्तन पर विचार करने के लिए एक सर्वेक्षण शुरू किया गया है।

**निःशुल्क रेल पास जारी किया जाना**

387. **श्री रामसिंह राठवा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) निःशुल्क रेल पास जारी करने के क्या मानदण्ड हैं ;

(ख) विगत छः महीनों के दौरान कितने व्यक्तियों को निःशुल्क रेल पास जारी किए गए हैं ;

(ग) कुल कितने व्यक्तियों को अभी तक निःशुल्क रेल पास की सुविधा प्राप्त है; और

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) के संबंध में राज्य-वार ब्यौरा क्या है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका)** : (क) संभवतः माननीय सदस्य का आशय अलग-अलग व्यक्तियों/संगठनों को दिए गए मानार्थ कार्ड पासों से है। रेल मंत्रालय द्वारा इस स्तर के पास अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, साहित्यिक, खेल-कूद तथा शैक्षिक गतिविधियों में लगे विख्यात व्यक्तियों, संगठनों को दिए जाते हैं। ये पास मार्गदर्शी सिद्धांतों और औचित्य तथ प्रत्येक मामले में गुण-दोष के आधार पर जारी किए जाते हैं।

(ख) और (ग). 20-7-93 की स्थिति के अनुसार पिछले छः महीनों के दौरान 127 मानार्थ कार्ड पास जारी किए गए हैं जिन पर कुल 174 व्यक्तियों को यात्रा करने की अनुमति है।

(घ) राज्यवार ब्यौरा नहीं रखा जाता है।

**मैसर्स ए०एच० व्हीलर पर बकाया लासेंस शुल्क**

388. **श्री ईशदत्त यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स ए.एच. व्हीलर ने रेल विभाग को लाइसेंस शुल्क अदा नहीं किया है ;

(ख) यदि हां, तो 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार उक्त कम्पनी पर लाइसेंस शुल्क की कितनी राशि बकाया है ; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में उक्त कम्पनी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका)** : (क) मैसर्स ए. एच. व्हीलर एंड कंपनी द्वारा उनके करार की शर्तें के अनुसार कुल बिक्री के निर्धारित प्रतिशत का भुगतान करना होता है न कि लाइसेंस शुल्क का

(ख) गौर (ग). प्रश्न नहीं उठता।

**रेल विभाग में जालसाजी के मामले**

38 **श्री राम नरेश यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 18 मई, 1993 के "नवभारत टाइम्स" के दिल्ली संस्करण में "रेलवे में करोड़ों रुपयों की जालसाजी का पता" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;